श्री बंशीधर नगर रविवार
05.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 312

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

सुपरवाईजर को 24 घंटे में जवाब देने का अल्टीमेटम >> पेज 03
'नागबंधम' का नया एडिट 5 से सिनेमाघरों में >> पेज 05

## सुविचार

अनुभव वह नहीं है जो आपके साथ घटित होता है; अनुभव वह है जो आप अपने साथ घटित होने वाली घटना के साथ करते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### धनबाद में भगोड़े गैंगस्टर प्रिंस खान के घर पर चला बुलडोजर

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने भगोड़े गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वासेपुर स्थित उसके घर पर बुलडोजर चलाया। कोर्ट के कुर्की-जब्ती आदेश के तहत की गई इस कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। तीन डीएसपी, छह थानों की पुलिस और भारी सुरक्षा बल की मौजूदगी में मकान को ध्वस्त किया गया। पुलिस का कहना है कि लगातार जब्ती की कार्रवाई के कारण मकान जर्जर हो चुका था, जिसे सुरक्षा के मद्देनजर गिराया गया। पूरे अभियान की वीडियोग्राफी भी कराई गई। शनिवार सुबह धनबाद पुलिस की टीम भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ वासेपुर पहुंची। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए भगोड़े गैंगस्टर प्रिंस खान के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। इस दौरान बुलडोजर से जर्जर मकान को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और मीडिया को भी सुरक्षा कारणों से निर्धारित दूरी पर रखा गया। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय के आदेश के तहत प्रिंस खान के घर की कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि लगातार जब्ती की कार्रवाई के कारण मकान जर्जर हो चुका था, इसलिए उसे बुलडोजर से गिराया गया। पुलिस के अनुसार यह पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में की गई है और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई।

**बवाल** ▶ **रांची के राज अस्पताल में लातेहार के युवक की मौत पर बवाल**

# पैर की हड्डी टूटी, 40 दिन चला इलाज, हो गयी मौत, दिया 22 लाख का बिल

### परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश





**रांची।** राजधानी रांची के निजी राज अस्पताल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय युवक की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन पर चिकित्सकीय लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पैर के फ्रैक्चर के इलाज के लिए भर्ती कराए गए युवक की उपचार में लापरवाही के कारण मौत हुई। साथ ही, मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा 22 लाख रुपये का बिल थमाए जाने के आरोप ने मामले को और तूल दे दिया है। घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

दरअसल, लातेहार जिले के निवासी 18 वर्षीय राजू कुमार रंजन 24 मई को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। दुर्घटना में उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ था, जिसके इलाज के लिए उन्हें रांची स्थित राज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने आवश्यक चिकित्सकीय सावधानियां नहीं बरतीं। उनका कहना है कि दो से तीन दिनों तक घाव की नियमित ड्रेसिंग नहीं की गई, जिससे संक्रमण तेजी से फैल गया और उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजनों के अनुसार, संक्रमण गंभीर होने के बाद राजू को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनका आरोप है कि यदि समय पर समुचित इलाज और देखभाल की जाती तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने यह भी सवाल उठाया कि जब चोट केवल पैर में थी, तो संक्रमण इतना गंभीर कैसे हो गया कि मरीज की मृत्यु हो गई।

मृत्यु के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा 22 लाख रुपये का बिल जमा करने के लिए कहे जाने से परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों के आग्रह पर राजू के शव का पोस्टमार्टम राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में कराया गया।

मामले की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर संज्ञान लेते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को पूरे प्रकरण की गहन एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सिविल सर्जन को जांच का दायित्व सौंपते हुए पूरे मामले की जांच के लिए जिला स्तरीय विशेष जांच टीम का गठन किया है। इधर, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार को उच्चस्तरीय जांच समिति गठित कर निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यदि जांच में अस्पताल प्रबंधन अथवा संबंधित चिकित्सक दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा, सम्मान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा चिकित्सा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### राज अस्पताल मामले में जांच टीम पहुंची अस्पताल, खंगाल रही दस्तावेज और मेडिकल रिकॉर्ड



**रांची।** रांची के राज अस्पताल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय युवक की मौत के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने सिविल सर्जन के माध्यम से जिला स्तरीय विशेष जांच टीम गठित की। शनिवार को परियोजना पदाधिकारी मनीषा तिर्की के नेतृत्व में जांच दल अस्पताल पहुंचा और मरीज के इलाज से जुड़े दस्तावेज, मेडिकल रिकॉर्ड और बिलिंग प्रक्रिया की जांच शुरू की। जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जाएगी। बताया जाता है कि लातेहार निवासी 18 वर्षीय युवक राजू कुमार रंजन का सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था। करीब 40 दिन पहले उसे राज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसके पैर में इंफेक्शन हो गया और अंतत: उसकी मौत हो गई। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने उसके परिजनों को 22 लाख रुपये का बिल थमा दिया। इसके बाद राजू कुमार रंजन के परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों और प्रबंधन की लापरवाही के कारण राजू की मौत हो गई। परिजनों के दवाब में राजू का पोस्टमार्टम रिम्स में कराया गया है। ताकि मौत के कारणों का पता चल सके और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

### राज अस्पताल ने कहा- जांच में कर रहे पूरा सहयोग

राज अस्पताल ने मरीज राजू कुमार रंजन के उपचार को लेकर जारी विवाद पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करते हुए चिकित्सीय लापरवाही के सभी आरोपों को निराधार बताया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज को 24 मई 2026 को एक गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद पॉलीट्रॉमा की स्थिति में भर्ती कराया गया था। उसके सिर, मस्तिष्क, गर्दन, रीढ़, फेफड़ों और पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें और फ्रैक्चर थे। अस्पताल के अनुसार, मरीज का इलाज आईसीयू में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों और अन्य चिकित्सकों की बहु-विषयक टीम की निगरानी में स्थापित चिकित्सा मानकों के अनुरूप किया गया। उपचार के दौरान आवश्यक जांच, वेंटिलेटर सपोर्ट, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, ऑपरेशन, डिब्राइडमेंट सहित सभी जरूरी चिकित्सकीय प्रक्रियाएं की गईं। प्रबंधन ने बताया कि मरीज के बाएं पैर में रक्त संचार पूरी तरह प्रभावित होने, संक्रमण और गंभीर जटिलताओं के कारण पिछले चार दिनों से चिकित्सकों ने कई बार पैर काटने (एम्प्यूटेशन) की सलाह दी थी, लेकिन परिजनों ने इसके लिए सहमति नहीं दी। अस्पताल का दावा है कि यह तथ्य चिकित्सीय अभिलेखों में दर्ज है। अस्पताल ने कहा कि मरीज की गंभीर स्थिति दुर्घटना में लगी जानलेवा चोटों और उनसे उत्पन्न जटिलताओं का परिणाम है, न कि चिकित्सकों या अस्पताल की किसी लापरवाही का। उपचार के प्रत्येक चरण में मरीज के परिजनों को स्थिति, जोखिम और उपचार योजना की जानकारी दी जाती रही। राज अस्पताल ने यह भी आरोप लगाया कि उपचार के दौरान मरीज के परिजनों की ओर से अस्पताल परिसर में हंगामा और विरोध-प्रदर्शन किया गया, जिससे कई घंटों तक अस्पताल की सामान्य सेवाएं प्रभावित हुईं और अन्य मरीजों के इलाज में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ। अस्पताल के अनुसार, ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों का घेराव भी किया गया, हालांकि इसके बावजूद मरीज के उपचार में कोई कमी नहीं आने दी गई। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 04 जुलाई 2026 को गठित सरकारी जांच टीम ने मामले की जांच की, जिसमें इलाजरत डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन ने पूरा सहयोग किया। अस्पताल के अनुसार जांच टीम को मांगे गए सभी दस्तावेज, चिकित्सीय रिकॉर्ड और आवश्यक तथ्य उपलब्ध करा दिए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि वह जांच एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग कर रहा है और सत्य तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच होने का विश्वास रखता है।

**पलामू : स्वास्थ्य विभाग ने जांच में किया खुलासा**

# जहरीले सरसों तेल से हुई पांच की मौत

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पंडवा प्रखंड के सिक्का कला गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत का कारण आखिरकार स्पष्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में सरसों तेल में आगेमोन तेल की मिलावट की पुष्टि हुई है। सीएस डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि इसी विषाक्त तेल के सेवन से एपिडेमिक ड्रॉप्सी बीमारी फैली, जिससे परिवार के पांच लोगों की मौत हुई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के 195 घरों में रहने वाले 1,378 लोगों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया। लक्षण मिलने पर 56 लोगों के रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे गए, जिनकी रिपोर्ट सामान्य आई। प्रभावित परिवार के घर से सरसों तेल, वनस्पति तेल, आटा, चावल और अरहर दाल के नमूनों की जांच रांची स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में कराई गई। जांच में केवल सरसों तेल में आगेमोन तेल की मिलावट पाई गई, जिसे मानव उपभोग के लिए असुरक्षित घोषित किया गया। सीएस ने बताया कि आगेमोन युक्त तेल से होने वाली एपिडेमिक ड्रॉप्सी का पहला मामला वर्ष 1877 में कोलकाता में सामने आया था। प्रेसवार्ता में डीआरसीएचओ डॉ. एस.के. रवि, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. अनुप कुमार सिंह तथा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि मिलावटी तेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## तीन दिन भारी बारिश के आसार, गढ़वा, पलामू में कल होगी वर्षा

**रांची।** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में 05 से 07 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 08 जुलाई तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) की आशंका व्यक्त की है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, 05 जुलाई को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं 06 जुलाई को सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा और पलामू जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसी प्रकार 07 जुलाई को दक्षिण-पश्चिमी एवं इससे सटे मध्यवर्ती जिलों पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा तथा रांची जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में जलभराव, तेज बहाव और आकाशीय बिजली की घटनाओं को देखते हुए लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग की ओर से बताया गया कि राज्यभर में 08 जुलाई तक रुक-रुक कर वर्षा होने और कई स्थानों पर वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

# 16 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में ठेकेदार को तीन साल की सजा, एक लाख रुपये का जुर्माना




**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित 16 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार सिंह को दोषी ठहराया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश कुलदीप की अदालत ने उन्हें तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। अदालत ने मामले में ट्रायल का सामना कर रहे तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। इस मामले में क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पवन कुमार सिंह, जमशेदपुर के तत्कालीन सहायक अभियंता (असिस्टेंट इंजीनियर) अनिल कुमार वर्मा, जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा और कंपनी के निदेशक दिलीप कुमार सिंह आरोपी थे। हालांकि, मुकदमे की सुनवाई के दौरान पवन कुमार सिंह और अनिल कुमार वर्मा का निधन हो गया, जिसके कारण उनके विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही समाप्त हो गई। यह मामला वर्ष 2010 में सामने आए अलकतरा घोटाले से जुड़ा है। आरोप है कि चक्रधरपुर-खरसावां क्षेत्र में 1.506 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के दौरान 47 फर्जी बिल तैयार कर करोड़ों रुपये की सरकारी राशि की अवैध निकासी की गई थी। यह परियोजना रोड कंस्ट्रक्शन डिवीजन, जमशेदपुर के अधीन थी। घोटाले का खुलासा रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट (आरसीडी), जमशेदपुर के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता (एक्जीक्यूटिव इंजीनियर) विनोद कुमार ने किया था। उन्होंने मामले की सूचना सीबीआई को दी, जिसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने जांच शुरू की। जांच में आरोपितों की कथित संलिप्तता पाए जाने पर सीबीआई ने 16 फरवरी 2010 को प्राथमिकी दर्ज की। जांच पूरी करने के बाद एजेंसी ने 22 अप्रैल 2011 को विशेष अदालत में आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद 5 अप्रैल 2018 को अदालत ने सभी आरोपितों के खिलाफ आरोप तय किए थे। करीब 16 वर्षों तक चली सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने अब इस मामले में फैसला सुनाते हुए एक आरोपी को दोषी करार दिया, जबकि दूसरे आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड प्रदेश इंटक के महाधिवेशन में प्रदीप बालमुचू फिर निर्वाचित हुए अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड प्रदेश भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की कार्यकारिणी बैठक और महाधिवेशन शनिवार को रांची में संपन्न हुआ। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के मुख्य अतिथि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एनजी अरुण ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू ने की। कार्यक्रम में मंत्री डॉ इरफान अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी, विधायक रामचंद्र सिंह सहित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक में इंटक के सभी नेताओं और प्रतिनिधियों ने इंटक के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही चतरा जिला इंटक के अध्यक्ष साबिर हुसैन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने चंद्रशेखर दुबे के संघर्षपूर्ण जीवन और मजदूर हितों के लिए उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए इंटक मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूत और धारदार बनाएगा।

**अध्यात्म** | राज्यपाल ने श्री हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

# श्री राम वाटिका हॉल का किया उद्घाटन

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को रांची के महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर परिसर में नवनिर्मित वातानुकूलित सामुदायिक हॉल श्री राम वाटिका का उद्घाटन भी किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, सेवा-भाव, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कारों के संवर्धन के महत्वपूर्ण केंद्र भी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री राम वाटिका धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ जनसेवा के विविध कार्यों का एक प्रेरणादायी केंद्र बनेगी।



राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर वर्षों से जन-आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां धार्मिक आयोजनों के अलावा समाजहित के अनेक कार्य लगातार संचालित होते रहे हैं। राज्यपाल ने इस जनोपयोगी सामुदायिक हॉल के निर्माण के लिए श्री हनुमान मंदिर समिति, पंजाबी हिंदू बिरादरी तथा सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम और प्रभु हनुमान का जीवन सेवा, समर्पण, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि शक्ति तभी सार्थक है, जब उसमें विनम्रता हो, ज्ञान तभी श्रेष्ठ है, जब उसमें सेवा का भाव हो और जीवन तभी सफल माना जाता है, जब वह लोकमंगल के लिए समर्पित हो। राज्यपाल ने गोस्वामी तुलसीदास की प्रसिद्ध पंक्तियों परहित सरिस धरम नहि भाई, पर पीड़ा सम नहि अधमाई का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में परोपकार और सेवा को सर्वोच्च धर्म का स्थान दिया गया है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे धार्मिक और सामाजिक केंद्र समाज में सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और संस्कारों को प्राथमिकता दें तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि यदि युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहेगी, तो समाज और राष्ट्र दोनों अधिक सशक्त, जागरूक और संस्कारित बनेंगे। अपने संबोधन के अंत में राज्यपाल ने सभी श्रद्धालुओं से प्रेम, सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि यही भगवान श्रीराम और प्रभु हनुमान के जीवन का वास्तविक संदेश है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भरा इन्यूमरेशन फॉर्म

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को अपना इन्यूमरेशन फॉर्म स्वयं भरकर उस पर हस्ताक्षर किए और 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-374 की बीएलओ अन्नु कच्छप को सौंप दिया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की कि जब बूथ लेवल अधिकारी



(बीएलओ) उनके घर पहुंचें, तो वे बिना विलंब किए अपना और अपने परिवार के सदस्यों का इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर अथवा भरवाकर उस पर हस्ताक्षर कर बीएलओ को तत्काल जमा करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बीएलओ को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर यह कार्य पूरा करना है। ऐसे में नागरिकों का सहयोग इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे बीएलओ के आने का इंतजार करने के बजाय आवश्यकता पड़ने पर स्वयं भी उनसे संपर्क कर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों और पदाधिकारियों से भी विशेष आग्रह किया कि वे अपनी सुविधा के अनुसार जल्द से जल्द अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का इन्यूमरेशन फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह भारत निर्वाचन आयोग के उस संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाए, जिसके तहत एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से न छूटे और एक भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।

## उंटारी रोड में किसानों को जागरूक करने निकला डिजिटल जागरूकता रथ



**उंटारी रोड** : बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड कार्यालय से डिजिटल कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रखंड की सभी पंचायतों और गांवों में पहुंचकर किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं एवं आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी देगा। बीडीओ ने कहा कि डिजिटल माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती समेत विभिन्न कृषि गतिविधियों की उपयोगी जानकारी दी जायेगी। ताकि किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें।बीएओ अनुज कुमार ने बताया कि डिजिटल जागरूकता रथ का उद्देश्य किसानों तक कृषि विभाग की योजनाओं और तकनीकी जानकारी को सरल एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। जिससे अधिक से अधिक किसान योजनाओं का लाभ उठा सकें। एटीएम रंजीत कुमार ने किसानों से अपील की कि जब जागरूकता रथ उनके पंचायत और गांव पहुंचे तो वे इसमें सक्रिय रूप से भाग लें तथा कृषि विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों से संवाद कर योजनाओं एवं आधुनिक खेती की जानकारी प्राप्त करें।

## रक्षा राज्य मंत्री सेठ 14 किमी की पैदल यात्रा कर पहुंचे अमरनाथ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में सहभागिता करते हुए बालटाल बेस कैंप से लगभग 14 .5 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा बफार्नी की पवित्र गुफा में पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा अमरनाथ से देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। यात्रा के दौरान सेठ ने श्रद्धालुओं के लिए की गई सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, भोजन, यातायात तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच भारतीय सेना, सशस्त्र बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, प्रशासन तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। सेठ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल जिस समर्पण, अनुशासन एवं सेवा-भाव से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं, वह राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा कर भारतीय संस्कृति की सेवा-परंपरा को सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने पवित्र अमरनाथ यात्रा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा और सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे लाखों श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता के साथ बाबा बफार्नी के दर्शन कर पा रहे हैं।

**40 वर्षों से लगने वाला मोरहाबादी का साप्ताहिक बाजार बंद**

# रांची नगर निगम के फैसले से सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में पिछले लगभग 40 वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार को शनिवार को रांची नगर निगम ने बंद करा दिया। निगम का कहना है कि बाजार में लगातार बढ़ रही भीड़ और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं, निगम की इस कार्रवाई से सब्जी और फल विक्रेताओं में भारी नाराजगी है। कई विक्रेता मैदान में ही डटे रहे और आंदोलन की चेतावनी दी।



स्थानीय लोगों के अनुसार, मोरहाबादी मैदान में प्रत्येक शनिवार को शहर का सबसे बड़ा साप्ताहिक सब्जी बाजार लगता है, जहां रांची और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान और विक्रेता अपनी उपज बेचने आते हैं। शनिवार को नगर निगम के निर्देश के बाद बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी गई और विक्रेताओं को वापस लौटा दिया गया। दूरदराज के अधिकांश विक्रेता सुबह ही लौट गए, लेकिन 100 से अधिक विक्रेता मैदान में डटे रहे और फैसले के विरोध में आंदोलन की तैयारी करने लगे। नगर निगम के कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश मिला था कि अब मोरहाबादी मैदान में साप्ताहिक बाजार नहीं लगेगा। इसी आदेश के अनुपालन में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने मैदान में किसी भी विक्रेता को दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी। स्थिति पर नजर रखने के लिए निगम की कई टीमें दिनभर मौके पर तैनात रहीं।

उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी मैदान में पिछले चार दशकों से सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों किसान और सब्जी विक्रेता अपनी ताजा उपज लेकर आते रहे हैं। बाजार समाप्त होने के बाद वे देर शाम या रात में अपने गांव लौट जाते हैं। इस व्यवस्था के बंद होने से उन विक्रेताओं की आजीविका पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। रातू निवासी सब्जी विक्रेता राम महतो ने बताया कि वह पिछले 35 वर्षों से मोरहाबादी बाजार में सब्जियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। वहीं, फल विक्रेता मोहम्मद इश्तियाक ने कहा कि वह करीब 25 वर्षों से इसी बाजार में फल बेचते आ रहे हैं। उनका कहना है कि बाजार बंद होने से उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है।

दूसरी ओर, कुछ स्थानीय लोगों ने नगर निगम के निर्णय का समर्थन किया है। उनका कहना है कि पहले जहां बाजार में 50 से 100 दुकानें लगती थीं, वहीं अब दुकानों की संख्या बढ़कर करीब 1,600 तक पहुंच गई है। इसके कारण मोरहाबादी मैदान और आसपास की सड़कों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। उनका आरोप है कि कई विक्रेताओं ने सड़क तक अतिक्रमण कर दुकानें लगानी शुरू कर दी थीं, जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# अखौरी दीदरी गांव के जर्जर स्कूल भवन बना मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, बच्चों को मिली बेहतर सुविधा



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज प्रखंड के अखौरी दीदरी स्थित वर्षों से जर्जर और बंद पड़े स्कूल भवन को अब मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की पहल पर फेयरमाईन कार्बंस प्राइवेट लिमिटेड ने भवन का सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण कराया। शनिवार को डीएसडब्लूओ नीता चौहान ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया तथा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाई, फल, नमकीन और चॉकलेट का वितरण किया गया।

नीता चौहान ने कहा कि पहले यह भवन अनुपयोगी था, लेकिन अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त आकर्षक आंगनबाड़ी केंद्र बन गया है। टाइल्सयुक्त फर्श, शैक्षणिक चित्र, हिंदी-अंग्रेजी वर्णमाला और अन्य शिक्षण सामग्री बच्चों के बेहतर विकास में सहायक होंगे। उन्होंने कंपनी के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए आरओ पेयजल की व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया।

कंपनी के पीआरओ अशोक मिश्रा ने बताया कि डीसी के मार्गदर्शन में कंपनी सामाजिक दायित्वों का लगातार निर्वहन कर रही है तथा बच्चों को ड्रेस भी उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में एडमिन अंशु वर्मा, सुपरवाइजर अर्पणा मिश्रा, आंगनबाड़ी सेविका करुणा निधि शुक्ला, सहायिका, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 350वें शहीदी दिवस पर गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर :** पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर अरुणा शंकर और संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने किया। मेयर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता, मानवता और सामाजिक समरसता का अमर प्रतीक है। कार्यक्रम में उपमहापौर मनोज सिंह, शिवशंकर प्रसाद, इन्द्रजीत सिंह डिम्पल, डॉ. राजीव नयन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### शिविर में 125 लोगों को मिला लर्निंग लाइसेंस



**चिनिया :** परिवहन कार्यालय आपके द्वार महाअभियान के तहत शनिवार को प्रखंड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में ही ड्राईविंग एवं लर्निंग लाईसेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने स्वयं उपस्थित रहकर सफल अभ्यर्थियों को अपने हाथों से 125 लर्निंग लाईसेंस वितरित किये। शिविर को लेकर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में पहुंचे आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया और कंप्यूटर आधारित लर्निंग टेस्ट आयोजित किया गया। टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को मौके पर ही लर्निंग लाईसेंस प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि अब उन्हें लाइसेंस बनवाने के लिये जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

## गढ़वा मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही पर सख्ती

# सुपरवाईजर को 24 घंटे में जवाब देने का अल्टीमेटम

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के कार्य में लापरवाही बरतने और उच्चाधिकारियों के निदेर्शों की लगातार अनदेखी करने के मामले में निर्वाचन प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 80-गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह एसडीओ कुमार मयंक भूषण ने संबंधित सुपरवाईजर को 24 घंटे के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की अनुशंसा के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रंका कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार मतदान केंद्र संख्या 401 से 410 तक के पर्यवेक्षक एवं मनरेगा के कनीय अभियंता दिवाकर कुमार पाठक को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। आरोप है कि उन्होंने कार्य निष्पादन में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई तथा बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। प्रशासन ने बताया कि इससे पहले भी संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। अधिकारियों का मानना है कि उनकी लापरवाही के कारण विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण और समयबद्ध अभियान की प्रगति प्रभावित हुई है, जिससे निर्वाचन संबंधी कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ा। निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने इसे सरकारी दायित्वों के प्रति उदासीनता और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सेवा समाप्ति की अनुशंसा की जायेगी। इसके अलावा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है। निर्वाचन प्रशासन ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील अभियान है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जायेगी। दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## हर बूथ तक कांग्रेस को मजबूत करना हमारा लक्ष्य: के. राजू

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने संगठन सृजन अभियान के तहत पलामू दौरे के दौरान कांग्रेस के दलित प्रकोष्ठ के दिवंगत जिलाध्यक्ष अशोक पासवान के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अशोक पासवान को कांग्रेस का समर्पित एवं कर्मठ सिपाही बताते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। के. राजू ने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरे झारखंड में व्यापक अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि डालटनगंज विधानसभा के अलावा पांकी, विश्रामपुर, मनातू, लेस्लीगंज सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन विस्तार की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस पूरी तरह सतर्क है। पार्टी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया है कि योग्य मतदाताओं का नाम किसी भी परिस्थिति में मतदाता सूची से नहीं हटने दें तथा पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष विमला कुमारी, बिट्टू पाठक, तुलसी पासवान, रामानंद पांडेय, प्रभात पासवान, प्रदीप पासवान, सुदीप पासवान, बासुदेव शुक्ला, अनिल सिंह, सहजाद अली, ईश्वरी सिंह, श्रवण पासवान, शंकर तिवारी, रामानंद पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेस कार्यकताओं ने के. राजू का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## पूर्व छात्रा से जुड़े कथित मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित, जांच शुरू



**गढ़वा :** केतार प्रखंड के मध्य विद्यालय ताली के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पाण्डेय को विद्यालय की पूर्व छात्रा के साथ कथित अनैतिक कृत्य के आरोप के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुये डीएसई से जांच कराई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का भी निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय की कक्षा आठ की पूर्व छात्रा से जुड़े कथित मामले के सामने आने के बाद डीसी ने तत्काल संज्ञान लिया और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराने का निर्देश दिया। डीएसई द्वारा जांच पूरी कर प्रतिवेदन सौंपे जाने के बाद संबंधित प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया। उपलब्ध तथ्यों एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर डीसी ने सुनील कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिक्षक या कर्मी द्वारा अनुचित आचरण अथवा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही या समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे मामलों में दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिला प्रशासन ने आम लोगों से मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और जांच प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी, ताकि न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित न हो और सभी आवश्यक कानूनी प्रावधानों का पालन किया जा सके।

## नामांकन में अव्यवस्था पर भड़के छात्र, प्राचार्य कक्ष में जड़ा ताला



**गढ़वा :** एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय में शनिवार को स्नातक सत्र 2022-26 के सेमेस्टर-5 के नामांकन के दौरान अव्यवस्था को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा 500 से अधिक छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए केवल एक काउंटर खोले जाने से घंटों लंबी कतार लगी रही। भीषण गर्मी, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से नाराज छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुये प्राचार्य कक्ष में ताला जड़ दिया। बाद में अतिरिक्त काउंटर खोले जाने के बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार सुबह से ही नामांकन के लिये काफी संख्या में विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंचे थे। एक ही काउंटर संचालित होने के कारण छात्रों और छात्राओं को कई घंटों तक धूप में खड़े रहना पड़ा। विद्यार्थियों का आरोप था कि महाविद्यालय प्रशासन ने न तो पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था की थी और न ही पेयजल अथवा बैठने की कोई सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। छात्रों ने पहले महाविद्यालय में मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति से अपनी समस्या रखी, लेकिन तत्काल समाधान नहीं होने पर उनका आक्रोश बढ़ गया। इसके बाद छात्रों ने प्राचार्य कक्ष का घेराव कर मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया और अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग पर अड़ गये। तालाबंदी की सूचना मिलने पर झारखंड छात्र मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों के आंदोलन को समर्थन दिया। संगठन के प्रतिनिधियों ने कॉलेज प्रबंधन से वार्ता कर तत्काल अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग की। बढ़ते दबाव के बीच महाविद्यालय प्रशासन ने नये काउंटर शुरू किये, जिससे नामांकन प्रक्रिया में तेजी आई और छात्रों ने प्राचार्य कक्ष का ताला खोल दिया। इस दौरान औचक उपस्थिति जांच में कुछ शिक्षक एवं टीचिंग असिस्टेंट भी अनुपस्थित पाये गये। विश्वविद्यालय कोषाध्यक्ष सुभेन्द्र कुमार ने कहा कि कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के कारण छात्रों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ी। वहीं छात्र नेता शंशाक चौबे ने व्यवस्था को प्रशासनिक विफलता बताते हुये चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न होने पर संगठन उग्र आंदोलन करेगा। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशांत चतुवेर्दी, जिला सचिव विकास चंद्रवंशी, जिला कोषाध्यक्ष सूरज कुमार तिवारी, आयुष झा, विकास, गौतम सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण व उत्कृष्ट वातावरण देने के लिये प्रतिबद्ध : डॉ अनिल

# किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में फ्रेशर्स वेलकम

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में प्रथम वर्ष के नर्सिंग एवं फामेर्सी के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिये वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा शनिवार को भव्य फ्रेशर्स वेलकम समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रख्यात समाजसेवी शांति किंडो, संस्थान के सचिव वीरेंद्र प्रसाद, निदेशक लव कुमार सिंह व संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही गीत, नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, परिचय सत्र तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने समारोह को यादगार बना दिया। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि नर्सिंग एवं फामेर्सी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कड़ी मेहनत और नैतिक मूल्यों को अपनाते हुये शिक्षा प्राप्त करने तथा समाज सेवा के लिये सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। कॉलेज के संस्थापक डॉ अनिल कुमार साह ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। प्रमुख दीपमाला कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने भी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को समर्पण एवं परिश्रम से हासिल करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कॉलेज प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत 21 किलो से अधिक गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पाटन और शहर थाना क्षेत्र से 21 किलो 91 ग्राम गांजा बरामद किया है। साथ ही इस कारोबार में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि जिले में नशे की खेती, तस्करी और बिक्री में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा अभियान लगातार जारी रहेगा। एसपी ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना पर सदर एसडीपीओ राजेश यादव के नेतृत्व में पाटन थाना पुलिस ने ग्राम आरेदाना टोला बरवाडीह निवासी अशोक राम के घर छापेमारी की। वहां ट्रंक में रखी पांच प्लास्टिक की बोरियों से करीब 21 किलोग्राम गांजा और 10,560 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने गांजा की खेती कर उसे सुखाकर बेचने की बात स्वीकार की। एक अन्य कार्रवाई में शहर थाना पुलिस ने कुंड मोहल्ला स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर के समीप किराना दुकान में छापेमारी कर नेसार अंसारी को 91 ग्राम गांजा तथा पैकिंग में प्रयुक्त चार प्लास्टिक रैपर के साथ गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के साथ-साथ ऑपरेशन चेतना के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में सदर एसडीपीओ राजेश यादव मौजूद थे। कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी अनिल विद्यार्थी, शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, पुअनि अनिल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, अनिल कुमार यादव, सअनि संदीप राम, जोहन तिर्की, आरक्षी संतोष कुमार गुप्ता, फुलजेंस खलको, संतोष कुमार सहित पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही।

## पलामू : हर शनिवार प्रखंडों में लगेगा जन समाधान दिवस

# डीसी ने चैनपुर से किया शुभारंभ, व्यवस्था लागू

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** आमजनों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अब जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पलामू जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में प्रत्येक शनिवार को जन समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत शनिवार को डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने चैनपुर प्रखंड कार्यालय से की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित प्राप्त हुईं। डीसी ने कहा कि अब तक प्रत्येक बुधवार को समाहरणालय में जन समाधान दिवस आयोजित होता था, जहां दूर-दराज के लोगों को 50 से 90 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ती थी। लोगों की सुविधा और स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को संबंधित बीडीओ प्राप्त आवेदनों एवं उन पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे, ताकि शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में डीडीसी, चैनपुर के बीडीओ, सीओ, डीपीआरओ, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मुखिया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीसी ने एसआईआर कार्यों की समीक्षा की, लक्ष्यवार और कैंप मोड में काम करने का निर्देश

**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को एसआईआर अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों से गणना प्रपत्रों के वितरण, प्राप्त प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और अब तक की प्रगति की जानकारी ली। डीसी ने बीएलओ से सीधे संवाद कर उनके कार्यों की समीक्षा की तथा अपने समक्ष गणना प्रपत्र भरवाकर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ प्रशिक्षण के अनुरूप पूरी सावधानी और शुद्धता के साथ प्रपत्र भरने तथा डिजिटाइजेशन का कार्य करें। डीसी ने कहा कि एसआईआर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को लक्ष्यवार और कैंप मोड में कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में डालटनगंज विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# एसडीओ ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

बंशीधर न्यूज



**चिनिया :** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत शनिवार को एसडीओ एवं निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण ने चिनिया प्रखंड पहुंचकर चल रहे पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, सीओ उमेश्वर यादव व बीडीओ सुबोध कुमार भी मौजूद थे। अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बूथ स्तर पर किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया और संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्र संख्या 319 एवं 320 का विशेष रूप से अवलोकन किया। बूथ संख्या 319 पर बूथ लेवल अधिकारी उपेंद्र प्रसाद तथा बूथ संख्या 320 पर बीएलओ सबीना खातून द्वारा किये जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान मतदाता प्रपत्रों के संधारण, दस्तावेजों के सत्यापन तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जांच की गई। एसडीओ ने निरीक्षण के बाद बताया कि दोनों मतदान केंद्रों पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण पाया गया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही तरीके से दर्ज हो तथा किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटने न पाय। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ पालन सुनिश्चित किया जाय।

## न्यूज अपडेट्स

### मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण, उपस्थिति और एमडीएम व्यवस्था पर उठे सवाल

**केतार :** प्रखंड क्षेत्र के सिंहपुर स्थित मध्य विद्यालय में शनिवार को पंचायत के मुखिया मुगा साह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र उपस्थिति पंजी, शिक्षक उपस्थिति पंजी तथा मध्याह्न भोजन से संबंधित अभिलेखों की जांच की। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई अनियमितताएं सामने आने का दावा किया गया। मुखिया के अनुसार विद्यालय में कुल 140 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन निरीक्षण के समय मात्र 11 बच्चे ही उपस्थित पाये गये। वहीं उपस्थिति पंजी में लगभग 70 छात्रों की उपस्थिति दर्ज थी, जिस पर उन्होंने गंभीर सवाल उठाते हुए इसे अनियमितता करार दिया। उन्होंने कहा कि वास्तविक उपस्थिति और पंजी में दर्ज आंकड़ों में अंतर चिंता का विषय है। निरीक्षण के दौरान एमडीएम भंडार पंजी की भी मांग करने पर प्रभारी शिक्षक ने बताया कि उक्त पंजी प्रधानाध्यापक के पास है। इसके बाद मुखिया ने विद्यालय में रखे चावल का भी निरीक्षण किया और व्यवस्था पर सवाल उठाये।

### सर्पदंश से बच्ची की मौत पर झामुमो प्रतिनिधिमंडल पहुंचा गांव, दिया सहयोग

**डंडा :** प्रखंड के कोटा गांव में बीते दो जुलाई को सर्पदंश से बच्ची किरण कुमारी (पिता बेचन महतो) की दर्दनाक मौत और उसी दिन अज्ञात जंतु के काटने से तीन बच्चियों एवं एक बच्चे के घायल होने की घटना पर झामुमो जिला कमेटी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर झामुमो जिला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल तत्काल कोटा गांव पहुंचा और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शंभू राम ने पीड़ित परिजनों को पूर्व मंत्री की ओर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

### रमना में गांजा के 1800 पौधे नष्ट, 118 किलो से अधिक फसल जब्त



**रमना :** एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर रमना थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुये अवैध गांजा की खेती का भंडाफोड़ किया है। थाना क्षेत्र के बुलका गांव स्थित गजनिया टोला में एक अधनिर्मित मकान के पीछे खेत में उगाई गई करीब 1800 गांजा की फसल को नष्ट कर दिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बुलका निवासी संजय यादव (पिता रामेश्वर यादव) अपने अर्द्धनिर्मित मकान के पीछे अवैध रूप से गांजा की खेती कर रहा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद रमना सीओ विकास कुमार पांडेय एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी के मकान के पीछे खेत में बड़े पैमाने पर गांजा की खेती होती मिली। सीओ के निर्देश पर अंचल अमीन से खेत की मापी कराई गई। इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई गई तथा खेत में लगे सभी गांजा के पौधों को उखाड़कर नष्ट कर दिया गया। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर गांजा के पौधों का कुल वजन 118 किलो 300 ग्राम पाया गया। पुलिस के अनुसार मौके से करीब 1800 हरे एवं विकसित गांजा के पौधे बरामद किये गये। जब्त फसल में तीन प्लास्टिक की बोरियों में क्रमशः 45 किलोग्राम, 40 किलोग्राम और 33.300 किलोग्राम गांजा के पौधे रखे गये। इस मामले में रमना थाना कांड संख्या 72/26 दर्ज करते हुये आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ए) एवं 20(आई) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। मौके पर एसआई आलोक कुमार, एएसआई सलीम अंसारी, राजस्व कर्मचारी पवन कुमार सिंह, अंचल अमीन सुकरन सिंह, हवलदार विपिन बिहारी गुप्ता, सिपाही मंटू कुमार भारती, बसंत कुमार, चंद्रमणि कुमार, लव कुमार दुबे, राजू रंजन तिवारी, चौकीदार इंद्रजीत पासवान, बाबूलाल सिंह सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम उपस्थित थी।

### बीडीएसयू मेरिट स्कॉलरशिप टेस्ट में मेधावियों को मिलेगी फीस में बड़ी छूट



**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा द्वारा मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित बीडीएसयू मेरिट स्कॉलरशिप टेस्ट-2026 का आयोजन किया गया। छात्रवृत्ति परीक्षा में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। जबकि काफी संख्या में अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल में परीक्षा दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ उच्च शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। परीक्षा का आयोजन सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, बीएससी एमएलटी, डी. फार्म, एलएलबी तथा आईटीआई समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये किया गया। परीक्षा दो स्तरों पर आयोजित हुई। पहला स्तर दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये था, जो डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग एवं आईटीआई में प्रवेश लेना चाहते हैं। जबकि दूसरा स्तर बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये था, जो स्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के बराबर ट्यूशन फीस में छूट दी जायेगी। उदाहरण के तौर पर यदि कोई विद्यार्थी 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है तो उसे 85 प्रतिशत ट्यूशन फीस में रियायत मिलेगी। इसके अलावा अन्य सभी पात्र अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट प्रदान की जायेगी। हालांकि यह सुविधा डेंटल, होम्योपैथिक एवं बी फार्म पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होने देना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। मौके पर कुलपति प्रो एमके सिंह, डीन छात्र कल्याण डॉ अरविंद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, कुलसचिव डॉ गोकुल आचार्य, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ एसवाई राजन, सुभाष कुमार, राकेश प्रसाद सिंह, प्रवेश प्रभारी सुबोध कुमार शर्मा सहित विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


## बच्चों की सफलता विद्यालय एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही संभव : प्रिंसिपल

# आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

बंशीधर न्यूज



**श्रीबंशीधर नगर :** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिये विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। बैठक में सीबीएसई के नवीनतम दिशा निर्देश, विद्यार्थियों में अनुशासन, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन तथा पाठ्यक्रम की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति, समय पर गृहकार्य, अध्ययन के प्रति रुचि तथा विद्यालय के नियमों के पालन के लिये प्रेरित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल पर्णा घोष ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं व्यवहार की जानकारी अभिभावकों से साझा करते हुये कहा की बच्चों की सफलता विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को मोबाईल एवं सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग से दूर रखते हुये नियमित स्वाध्याय, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के लिये प्रेरित करने की अपील की। प्रिंसिपल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल बेहतर परीक्षा परिणाम देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारित, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है। बैठक के अंत में उन्होंने सभी अभिभावकों का सक्रिय सहभागिता के लिये आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में भी विद्यालय के साथ इसी प्रकार सहयोग बनाये रखने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।



## 'नागबंधम' का नया एडिट 5 जुलाई से सिनेमाघरों में

पैन इंडिया पौराणिक एडवेंचर फिल्म 'नागबंधम' को दर्शकों के लिए और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से मेकर्स ने बड़ा फैसला लिया है। फिल्म की अवधि में करीब 20 मिनट की कटौती की गई है। अब 5 जुलाई से सिनेमाघरों में फिल्म का नया एडिटेड वर्जन प्रदर्शित किया जाएगा, जिसकी कुल अवधि 2 घंटे 45 मिनट होगी। निमार्ताओं का मानना है कि नए संस्करण से फिल्म की गति और कहानी का प्रवाह पहले से अधिक प्रभावशाली हो जाएगा। रिलीज के बाद से 'नागबंधम' अपने भव्य विजुअल्स, पौराणिक कथानक, रहस्यमयी दुनिया और एडवेंचर से भरपूर प्रस्तुति को लेकर चर्चा में रही है। फिल्म के ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी थी। रहस्यमयी शहर, दिव्य ब्रह्मकमल, नाग, अघोरी, छिपे खजाने और भगवान शिव से प्रेरित तत्वों ने इसकी दुनिया को खास बनाया है। फिल्म में विराट कर्णा, नभा नतेश, दक्षा नागरकर, ऋषभ साहनी, महेश मांजरेकर और गणेश आचार्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निमार्ता निशिता नागिरेड्डी और किशोर अन्नापुरेड्डी ने कहा कि दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है और नया वर्जन पहले से ज्यादा शार्प, सटीक और रोमांचक महसूस होगा। वहीं निर्देशक अभिषेक नामा के अनुसार, फिल्म की आत्मा को बरकरार रखते हुए उसकी गति और कहानी के प्रवाह को बेहतर बनाया गया है। एनआईके स्टूडियोज और अभिषेक पिक्चर्स के बैनर तले बनी तथा जी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत 'नागबंधम' अब 5 जुलाई से अपने नए एडिटेड संस्करण के साथ सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

## सेंसर बोर्ड ने नहीं रोकी 'मातृभूमि', अफवाहों पर लगा विराम





सलमान खान फिल्म्स ने अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर सामने आई सीबीएफसी सर्टिफिकेशन विवाद की खबरों को पूरी तरह निराधार बताया है। प्रोडक्शन हाउस ने स्पष्ट किया कि फिल्म को अभी तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के पास सर्टिफिकेशन के लिए भेजा ही नहीं गया है। ऐसे में सेंसर बोर्ड के साथ किसी भी तरह के विवाद की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। सलमान खान फिल्म्स ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि बिना पुष्टि के फिल्म से जुड़ी गलत जानकारी प्रसारित की जा रही है। बैनर ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही अफवाहों का खंडन करते हुए लोगों से अपील की कि वे अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और उन्हें शेयर करने से भी बचें। प्रोडक्शन हाउस ने यह भी साफ किया कि 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' से जुड़ी सभी आधिकारिक जानकारियां केवल सलमान खान फिल्म्स के अधिकृत कम्युनिकेशन चैनलों के माध्यम से ही जारी की जाएंगी। बैनर ने दर्शकों और मीडिया से आग्रह किया कि वे किसी भी अपडेट के लिए केवल आधिकारिक घोषणाओं पर ही भरोसा करें।

## तेहरान में अयातुल्ला अली खामेनेई को अंतिम विदाई



# 30 एएसआई को वैज्ञानिक अनुसंधान की दी गयी ट्रेनिंग

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार और विवेचना को अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से शनिवार को गढ़वा पुलिस द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय के सभागार में जिले के विभिन्न थाना, ओपी एवं पुलिस प्रतिष्ठानों में पदस्थापित 30 सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) को अनुसंधान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित हुआ। इस दौरान एसपी आशुतोष शेखर, डीएसपी (मुख्यालय) यशोधरा, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर श्री बंशीधर नगर जितेंद्र कुमार आजाद तथा पुलिस इंस्पेक्टर गढ़वा संतोष कुमार ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में केस डायरी लेखन, सीसीटीएनएस, एसआईडी क्रिएशन, सड़क दुर्घटना मामलों की विवेचना, आईआरएडी एवं ई-डार, गिरफ्तारी एवं जब्ती मेमो तैयार करने की प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन, मेडिकल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चोट प्रतिवेदन (इंजरी रिपोर्ट) तथा इनक्वेस्ट रिपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने अनुसंधान के क्रम में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और जिज्ञासाओं को प्रशिक्षकों के समक्ष रखा। प्रशिक्षण अधिकारियों ने प्रत्येक प्रश्न का सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समाधान बताते हुये अनुसंधान की विधि और कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने पुलिस पदाधिकारियों को साक्ष्य आधारित एवं निष्पक्ष अनुसंधान करने पर विशेष बल दिया। मौके पर एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान से ही अपराधियों को सजा दिलाना संभव है। इसलिये सभी अनुसंधानकर्ता कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुये प्रत्येक मामले की वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष तरीके से जांच करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी आयोजित किये जाएंगे, ताकि पुलिस पदाधिकारियों की कार्यकुशलता बढ़े और अनुसंधान की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।

## दो मृत प्रवासी मजदूरों के चार बच्चों को मिलेगा स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ



**श्री बंशीधर नगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर शनिवार को श्री बंशीधर नगर प्रखंड के कोल्हूवा गांव के दो मृत प्रवासी मजदूरों के बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी के सहयोग से दोनों परिवारों के चार बच्चों का आवेदन बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कराया गया। जानकारी के अनुसार, कोल्हूवा निवासी स्व आशीष राम भूटान में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। 13 जनवरी 2013 को सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। उनके दो बच्चे छोटी कुमारी (14 वर्ष) एवं नवीन कुमार (13 वर्ष) हैं। वहीं स्व कमलेश राम की 24 जुलाई 2022 को सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। उनकी दो पुत्रियां रागिनी कुमारी (8 वर्ष) एवं प्रिया कुमारी (5 वर्ष) हैं। बताया गया कि दोनों परिवारों को स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी नहीं होने के कारण अब तक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका था। बाद में परिजनों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी सुधीर कुमार चौबे से संपर्क किया। इसके बाद पीएलवी दीपक कुमार एवं तृप्ता भानु के सहयोग से आवश्यक दस्तावेज तैयार कर चारों बच्चों का आवेदन बाल कल्याण समिति में जमा कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधियों ने बताया कि स्पॉन्सरशिप योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराना है, जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है या जो विशेष परिस्थितियों में संरक्षण एवं सहायता के पात्र हैं। योजना का लाभ मिलने से बच्चों की शिक्षा, पालन-पोषण एवं अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## पुलिस ने मवेशी तस्करी का किया भंडाफोड़, 42 पशुओं से भरा कंटेनर जब्त, तीन गिरफ्तार



**नावा बाजार :** पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये मवेशी तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एनएच-139 स्थित चेकपोस्ट पर एक कंटेनर (BR24GC-3133) से 42 मवेशी बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार तड़के करीब 3:10 बजे गढ़वा की ओर से आ रहे कंटेनर को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर दो लोग भागने लगे। पुलिस ने चालक इमरान (प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) को पकड़ लिया। जबकि खलासी फरार हो गया। कंटेनर की तलाशी में 29 भैंस, 12 भैंसा तथा एक मृत भैंस बरामद हुई। वाहन में मौजूद मंसूब अंसारी और सफीक अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में चालक ने बताया कि मवेशियों को रंका (गढ़वा) से बिहार के बारूण ले जाया जा रहा था। पुलिस द्वारा कागजात मांगने पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने कंटेनर, 41 जीवित मवेशी, एक मृत भैंस और तीन एंड्रॉयड मोबाईल जब्त कर लिया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इस मामले में मामला दर्ज कर गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापेमारी कर रही है।

## श्री बंशीधर नगर : अब तक 40 लोग व चार दर्जन भेड़-बकरियां हुये पागल कुत्ते का शिकार

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड में पागल कुत्ते का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले दिन 24 लोगों को काटकर घायल करने के बाद दूसरे दिन भी कुत्ते ने 16 लोगों पर हमला कर दिया। इसके अलावा चार दर्जन से अधिक भेड़-बकरियों को भी काटकर घायल कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लगातार दूसरे दिन हुई इस घटना के बाद लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को पागल कुत्ते ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जमकर उत्पात मचाया था। उस दिन हलिवंता कला, चचेरिया, श्री बंशीधर नगर, रक्सा, जंगीपुर सहित कई गांवों के 24 लोगों को काटकर घायल कर दिया था। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया था तथा कई लोगों को बेहतर उपचार के लिये रेफर भी किया गया। प्रशासन और ग्रामीणों को उम्मीद थी कि कुत्ते को पकड़ लिया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शनिवार को कुत्ते ने फिर से कई गांवों में लोगों और मवेशियों पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में नरखोरिया गांव के गोपाल प्रसाद एवं अरुण कुमार, जंगीपुर के अविनाश कुमार तिर्की, मुकेश कुमार, इल्ताफ अंसारी और धर्मेंद्र कुमार तिवारी, पुरैनी के नीरज कुमार, कोलझिकी के रिशु कुमार, चचेरिया के साबिर अंसारी, श्री बंशीधर नगर के चंद्रकांत पाण्डेय, आशीष कुमार एवं अनिल कुमार, भोजपुर के ईश्वर यादव, कोल्हुआ के संतन राम, बिहार के अररिया निवासी एकराम अंसारी तथा रमना के टंडवा निवासी दिलु गुप्ता घायल हो गये। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ता बेहद आक्रामक हो चुका है और राह चलते लोगों के साथ-साथ मवेशियों पर भी अचानक हमला कर रहा है। दूसरे दिन उसके हमले में करीब चार दर्जन भेड़-बकरियां भी घायल हुई हैं, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है। लगातार दो दिनों में 40 लोगों के घायल होने और बड़ी संख्या में मवेशियों के शिकार बनने के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों है। लोगों ने प्रशासन से पागल कुत्ते को तत्काल पकड़वाने अथवा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। वहीं स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम भी स्थिति पर नजर बनाये हुये है।

### तोलरा रेलवे स्टेशन पर बाल मजदूर से कराई जा रही सफाई, लोगों में आक्रोश

# स्टेशन मास्टर ने कहा कि नाबालिग की मां करती है सफाई, बच्चा भी बंटाता है हाथ

वेणुगोपाल

**विश्रामपुर :** एक ओर केंद्र व राज्य सरकारें बाल मजदूरी पर रोक लगाने और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये विभिन्न योजनाएं चला रही है। वहीं दूसरी ओर धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले तोलरा रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग बच्चे से सफाई का कार्य कराये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। वहीं गुरहा पंचायत के मुखिया राधाकृष्ण साव ने इसपर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने रेल अधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बातें कही है। जानकारी के अनुसार उक्त बालक अपनी



मां के साथ तोलरा रेलवे स्टेशन के समीप झोपड़ी बनाकर रहता है। उसके पिता रेलवे के एक अन्य स्टेशन पर सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत बताये जाते हैं। आरोप है कि इसी बच्चे से नियमित रूप से स्टेशन परिसर की सफाई कराई जाती है, जो बाल श्रम निषेध कानून के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों का भी उल्लंघन है।

लोगों ने इस मामले की शिकायत रेलवे के आला अधिकारियों से करते हुये पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मुखिया ने कहा कि बच्चों के हाथों में झाड़ू नहीं, बल्कि किताबें होनी चाहिये। तोलरा स्टेशन प्रबंधक आशीष कुमार ने बताया कि उस नाबालिग की मां सफाई का काम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि मां के साथ उनका बेटा (नाबालिग) भी हाथ बंटाता है। जबकि मुखिया राधाकृष्ण साव ने बताया कि उन्होंने स्वयं देखा कि नाबालिग ही सफाई कर रहा है। उस वक्त उसकी मां वहां नहीं थी। उन्होंने इसका वीडियोग्राफी भी रखा है जिससे स्पष्ट हो जायेगा की कौन सफाई कर रहा था।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)